# उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (UPITS)

## चर्चा में क्यों?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (UPITS) 2025 के **तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया, जहाँ** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के विकास इंजन के रूप में उभरने, स्टार्ट-अप **पहल की सफलता** और उत्तर प्रदेश के **उत्पादों की बढ़ती वैश्विक पहचान** को रेखांकित किया।

## मुख्य बिंदु

- **कार्यक्रम एवं स्थल:** UPITS 2025 का आयोजन 25 से 29 सितंबर 2025 तक **इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट**, ग्रेटर नोएडा में किया जा रहा है।
- **भागीदारी:** 80 देशों के 2,250 से अधिक **प्रदर्शक** और 550+ **अंतर्राष्ट्रीय क्रेता** भाग ले रहे हैं तथा सभी **75 ज़िलों** के स्टॉल प्रदर्शनी में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।
- **ODOP पर विशेष ध्यान:** एक ज़िला-एक उत्पाद (ODOP) मंडप, जिसमें 343 स्टॉल हैं, सभी ज़िलों की **सांस्कृतिक**, **औद्योगिक** और कृषि विरासत पर प्रकाश डालता है।
- **थीम और विशेष पहल:** "परम सोर्सिंग यहीं से शुरू होती है" थीम के तहत आयोजित इस **कार्यक्रम** में विविध उत्पादों- भदोही कालीन से लेकर **प्रतापगढ़ आँवले** के **स्नैक्स** तक के साथ-साथ 150 **सीएम युवा स्टॉल** और 25 "**स्वाद उत्तर प्रदेश**" स्टॉल प्रदर्शित किये जा रहे हैं।
- **क्रेता रणनीति:** व्यापार मेला **क्रेताओं** को अंतर्राष्ट्रीय **क्रेताओं**, घरेलू **B2B क्रेताओं** और घरेलू **B2C क्रेताओं** में वर्गीकृत करके त्रि-आयामी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह रणनीति प्रतिभागियों के लिये लक्षित और कुशल अनुभव सुनिश्चित करती है तथा विभिन्न क्षेत्रों में **व्यापार संबंधों** एवं **बाज़ार अवसरों** को बढ़ाती है।
- **महत्त्व:** UPITS 2025 **MSME निर्यात**, **GI-आधारित ब्रांडिंग** और कारीगर **सशक्तीकरण** को बढ़ावा देकर भारत के शीर्ष **निर्यातक राज्यों** में उत्तर प्रदेश की भूमिका को सशक्त करता है।
    - यह व्यापार मेला मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है तथा यह दर्शाता है कि राज्य के नेतृत्व वाली पहल किस प्रकार समावेशी और सतत् विकास को प्रोत्साहित कर सकती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-international-trade-show-upits